NAVBHARAT TIMES **DATED 13.03.2023**



NBT की ऑल विमन बाइक रैली में उमड़ी नारी शक्ति

जी बेफिकर दिल्ली की सड़कों पर

महिलाओं की गरिमा पर न्यूज़, विज्ञापन संवेदनशील बनें: मुर्मू

■ एनबीटी, नई दिल्ली

नवभारत टाइम्स की ओर से रविवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस में आयोजित ऑल विमन बाइक रैली में दो हजार से ज्यादा महिला बाइकर्स ने हिस्सा लिया। 'भूला दे डर, जी बेफिकर' थीम पर आधारित इस रैली को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑनलाइन फ्लैग ऑफ किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि वह इस बाइक रैली को महिलाओं की सुरक्षा, उनके आत्मविश्वास, सशक्तीकरण और प्रगति के प्रतीक के रूप में देखती हैं। वह अपेक्षा करती हैं कि मीडिया की ओर से प्रसारित विज्ञापनों, समाचारों और कार्यक्रमों में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के विषय में पूरी संवेदनशीलता होनी चाहिए। दिल्ली के LG वी. के. सक्सेना और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने कार्यक्रम में महिलाओं का जोश बढ़ाया। BSF की ऑल विमन बाइक टीम और दिल्ली पुलिस की बाइकर्स भी रैली का आकर्षण बनीं। बॉलिवुड ऐक्ट्रर सान्या मल्होत्रा, सनी सिंह और कमीडियन सलोनी गौड़ बतौर खास मेहमान पहुंचे। 15 किलोमीटर का रूट कवर कर बाइकर्स वापस कनॉट प्लेस पहुंचीं। ▸▸ पेज 8, 9

रैली को राष्ट्रपति के संदेश के साथ फ्लैग ऑफ किया गया।

Photos: Sunil Kataria

दिल्ली पुलिस की विमन पावर दिखी



बाइक रैली में खास तौर पर दिल्ली पुलिस की अलग-अलग यूनिट में तैनात बाइक राइडर्स दस्ते शामिल हुए। इनके अलावा जयवर्धनी सहित अन्य कई बाइकर्स ग्रुप भी शामिल हुए। दिल्ली पुलिस के बाइक राइडर्स गुप्त को लीड कर रहीं महिला सब इंस्पेक्टर किरण सेठी ने बताया कि रैली में अलग-अलग यूनिट की 80 से अधिक महिला बाइक राइडर शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि एनबीटी की विमन बाइक रैली में महिला शक्ति का उदाहरण देखने को मिला।

ट्रैफिक की अधिकारी होते हुए मैं सभी से यही कहूंगी कि आप जब भी बाइक चलाएं, अपनी और दूसरों की सेफ्टी का ध्यान रखते हुए हेलमेट जरूर पहनें और ट्रैफिक के नियमों का पालन जरूर करें।

- गीता रानी वर्मा, एडिशनल सीपी (ट्रैफिक)

